संख्या-226/2020/3041/22-2-2019-17(1173)/2019

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 26 जून, 2020***

विषय:- जिला कारागार, सीतापुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पालू पुत्र बन्ने, निवासी जनपद-सीतापुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-35064/प्रोवेशन-3/फार्म-ए (एम-19.09.2019) दिनांक-03.12.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, सीतापुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पालू पुत्र बन्ने, जो दौली, थाना-महोली, जनपद-सीतापुर का रहने वाला है। बंदी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 22.09.1998 को अपने 07 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूकों, रायफल व बांके से शिवकुमार नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1037/1998 भा0द0सं0 की धारा-148, 307, 302 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-02, सीतापुर के आदेश दिनांक 22.10.2007 द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 19.01.2019 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट ने बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की है। मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में पुलिस अधीक्षक, सीतापुर ने बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की है, जबकि जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर ने बंदी के अभिभावक को उपयुक्त होने की आख्या अंकित करते हुए बंदी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति की है। प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बंदी ने दिनांक 10.03.2001 को अपने 06 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लाठी, बांका व भाला एवं चाकू से निरंजन व रामगुलाम नामक 02 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बंदी के पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, का अंकन पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बंदी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी बैठू पुत्र श्री नत्थाराम को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी पालू (बन्दी संख्या-391/2017) पुत्र बन्ने, निवासी जनपद-सीतापुर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार कर दी गयी** है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर

विशेष सचिव।

संख्या-226/2020/3041(1)/22-2-2019 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद-सीतापुर।

2- अधीक्षक, जिला कारागार, सीतापुर।

3- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री को सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-226/2020/3041/22-2-2019-17(1173)/2019

दिनांक 26 जून, 2020 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, सीतापुर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी पालू पुत्र बन्ने, जो दौली, थाना-महोली, जनपद-सीतापुर का रहने वाला है। बंदी ने पुरानी रंजिश में दिनांक 22.09.1998 को अपने 07 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूकों, रायफल व बांके से शिवकुमार नामक व्यक्ति की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1037/1998 भा0द0सं0 की धारा-148, 307, 302 के अन्तर्गत मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-02, सीतापुर के आदेश दिनांक 22.10.2007 द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 19.01.2019 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट ने बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की है। मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में पुलिस अधीक्षक, सीतापुर ने बंदी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की है, जबकि जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर ने बंदी के अभिभावक को उपयुक्त होने की आख्या अंकित करते हुए बंदी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति की है। प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बंदी ने दिनांक 10.03.2001 को अपने 06 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर लाठी, बांका व भाला एवं चाकू से निरंजन व रामगुलाम नामक 02 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बंदी के पुन: अपराध करने में अशक्त न होने, का अंकन पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बंदी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता, जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी बैठू पुत्र श्री नत्थाराम को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।